Regarding Railway related issues in Supaul Parliamentary Constituency

श्री दिलेश्वर कामैत **(सुपौल) :** सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र सुपौल के प्रतापगंज रेलवे स्टेशन जो पूर्व मध्य रेलवे समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत है । उक्त स्टेशन में मात्र 1 पैसेंजर ट्रेन तथा 2 एक्सप्रेस ट्रेनें चलती है । दोनों एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव प्रतापगंज रेलवे स्टेशन पर नहीं है । अतः जनहित में ट्रेन सं० 13211/ 13212- जोगबनी-दानापुर एक्सप्रेस तथा 13213/13214- जोगबनी- सहरसा एक्सप्रेस का ठहराव 2 मिनट प्रतापगंज रेलवे स्टेशन पर किया जाय । साथ ही वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या-12553/12554 तथा राज्यरानी एक्सप्रेस-ट्रेन संख्या-12567/12568 का विस्तार सहरसा से सरायगढ़ या सुपौल तक जनहित में किया जाए ।